नौकरी केंद्रों, मौके पर रोजगार और भर्ती केंद्रों में रोजगार के लिए पूछताछ के टेलीफोन नंबर

हांगकांग पूर्व का नौकरी केंद्र	2591 1318
हांगकांग पश्चिम का नौकरी केंद्र	2552 0131
उत्तरी बिंदु का नौकरी केंद्र	2114 6868
कोलून पूर्व का नौकरी केंद्र	2338 9787
कोलून पश्चिम का नौकरी केंद्र	2150 6397
क्वुन टोंग का नौकरी केंद्र	2342 0486
शाटीन का नौकरी केंद्र	2158 5553
ताई पो का नौकरी केंद्र	2654 1429
शेयुन्ग शुई का नौकरी केंद्र	3692 4532
त्सुएन वान का नौकरी केंद्र	2417 6197
तुएन मुन का नौकरी केंद्र	2463 9967
तुंग चुंग का नौकरी केंद्र	3428 2943
एक ही स्थान में रोजगार (टिन शुई वाई में स्थित)	3692 5750
खानपान उद्योग के लिए भर्ती केंद्र	2594 7800
खुदरा उद्योग के लिए भर्ती केंद्र	2594 7833
निर्माण उद्योग के लिए भर्ती का केंद्र	3428 3303

इंटरएक्टिव रोजगार सेवा की वेबसाइट:

http://www.jobs.gov.hk

रोजगार सेवा हॉटलाइन का टेलीफोन नंबर:

2969 0888

12/2015

नौकरी चाहने वाले जातीय अल्पसंख्यकों के लिए एक रोजगार सेवा गाइड



勞工處
Labour Department
(Hindi Version)

श्रम विभाग (LD) नौकरी चाहने वालों को नौकरी खोजने में मदद करने के लिए शुल्क-मुक्त रोजगार सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है। हमारी सेवाएं चीनी और अंग्रेजी दोनों में आयोजित की जाती हैं। यदि आप इनमें से कोई भाषा नहीं बोलते हैं, तो हम आपके लिए अनुवाद सेवा की व्यवस्था कर सकते हैं।

यदि आप नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो अपनी आवश्यकताओं के सर्वाधिक अनुकूल रोजगार सेवाओं का पता लगाने के लिए यह गाइड पढ़ें।

नौकरी के केन्द्र

हम क्षेत्र में 13 नौकरी केन्द्रों के एक नेटवर्क का संचालन करते हैं। नौकरियों को खोजने के लिए इनमे से किसी भी केंद्र पर आने और निम्निलखिति सुविधाओं का उपयोग करने के लिए हम आपका स्वागत करते हैं:

- अपना रिज़्यूम तैयार करने के लिए रिज़्यूम-निर्माण सॉफ़्टवेयर के साथ कंप्यूटर
- नियोक्ताओं को अपना रिज़्यूम और आवेदन पत्र फैक्स या ईमेल करने के लिए इंटरनेट कनेक्शन के साथ फैक्स मशीन और कंप्यूटर
- श्रम विभाग की विशाल रिक्ति डेटाबेस से उपयुक्त रिक्तियों की खोज करने के लिए ऑन लाइन जुड़े हुए रिक्ति खोजने के लिए टच स्क्रीन टर्मिनल
- नियोक्ताओं से तुरन्त संपर्क करने के लिए टेलीफोन
- नियोक्ताओं के साथ नौकरी का ऑनलाइन इंटरव्यू आयोजित करने के उपकरण

जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए समर्पित रोजगार सेवाएँ

- **जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए विशेष काउंटर और संसाधन के कोने**

  विशेष काउन्टर की जॉब रेफरल सेवा पर आपको रोजगार खोजने के लिए पंजीकरण सेवा, श्रम विभाग की रोजगार सेवाओं और सुविधाओं का उपयोग करने में सहायता, उपलब्ध प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण के अवसरों की सूचनामिल सकती हैं। संसाधन कॉर्नर पर आपको उपयोगी रोजगार सूचना/स्वयं सीखने की सन्दर्भ सामग्रियां जैसे कि सन्दर्भ पुस्तकें, विभिन्न भाषाओं के शब्दकोष, नौकरी प्राप्त करने के सुझावों पर समाचारपत्र और पत्रिकाएँ, एवं प्रशिक्षण तथा पुनः प्रशिक्षण की सूचनाएं भी प्राप्त हो सकती हैं।

- **वैयक्तिक रोजगार सलाहकार सेवा और गहराई के साथ जाँच**

  अपनी नौकरी की जरूरतों पर चर्चा करने, रोजगार खोजने की तकनीक में सुधार करने, श्रम बाजार और प्रशिक्षण/पुनः प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करने, और/या उचित रूप से कैरियर की योग्यता का मूल्यांकन कराने के लिए आप रोजगार अधिकारी के साथ भेंट कर सकते हैं। गहराई के साथ जांच की सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

- **रोजगार वार्ता**

  यह आपको वर्तमान श्रम बाजार की स्थिति और नौकरी के लिए इंटरव्यू तकनीक में महारत को समझने में मदद कर सकते हैं।

- **नौकरी के मेले**

  रोजगार केन्द्रों पर पूरे साल नौकरी के मेलों का आयोजन किया जाता है। इसमें भाग लेने वाले नियोक्ता नौकरी चाहने वालों के साथ मौके पर ही साक्षात्कार करेंगे। जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए उपयुक्त रिक्तियों के साथ समावेशी नौकरी मेलों की नियमित रूप से व्यवस्था की जाएगी और मौके पर व्याख्या उपलब्ध होती है।

रोजगार के कार्यक्रम

योग्य नौकरी चाहने वाले निम्निलखिति रोजगार कार्यक्रमों में शामिल होने का चुनाव कर सकते हैं:

- **कार्य परीक्षण योजना**

  योजना में भाग लेने वाले संगठन प्रतिभागियों के लिए वास्तविक नौकरियों में एक महीने (30 दिन) के परीक्षणों की व्यवस्था करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने अच्छे प्रदर्शन के साथ कार्य परीक्षण पूरा कर लिया है, इसमें भाग लेने वाले संगठनों को उन प्रतिभागियों को रोजगार प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

- **मध्यम आयु वर्ग के लिए रोजगार के कार्यक्रम**

  40 या इससे ऊपर आयु वर्ग के बेरोजगार नौकरी चाहने वालों को भाग लेने वाले नियोक्ता एक प्रशिक्षक आवंटित करेंगे और नौकरी पर ही 3 से 6 महीने का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह प्रतिभागियों को नए काम के माहौल के अनुकूल बनाने में और स्थिर रोजगार हासिल करने की दृष्टि से कार्य में आवश्यक विशिष्ट कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। कार्यक्रम के तहत किसी पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। पूर्णकालिक या अंशकालिक स्थाई रोजगार हासिल करने के बाद नौकरी चाहने वालों द्वारा श्रम विभाग में पंजीकृत रिक्तियों के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है।

इंटरएक्टिव रोजगार सेवा वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन

जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए नवीनतम नौकरी की रिक्तियों की जांच करने हमारी रोजगार सेवाओं में पंजीकरण करने, रोजगार सलाहकार सेवा के लिए आवेदन करने और भर्ती की गतिविधियों पर सबसे अद्यतन खबर प्राप्त करने के लिए आप हमारी इंटरएक्टिव रोजगार सेवा (iES) की वेबसाइट (www.jobs.gov.hk) और इसके लिए समर्पित वेबपेज पर जा सकते हैं। किसी भी समय और कहीं पर भी हमारी नौकरी के डेटाबेस में उपयुक्त रिक्तियों को देखने के लिए आप अपने स्मार्टफोन्स या मोबाइल उपकरणों में iES मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर सकते हैं।

रोजगार सेवा के टेलीफोन नंबर

रोजगार केन्द्रों या iES वेबसाइट पर हमारे रोजगार सेवाओं के लिए यदि आप पहले से ही पंजीकृत हैं और निजी क्षेत्र में पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो आप हमारे केन्द्रों पर जाने की बजाय, टेलीफोन रोजगार सेवा हॉटलाइन 2969 0888 पर फोन करके नौकरी का रेफरल (निर्दिष्टि) प्राप्त कर सकते हैं। यदि आवश्यक हो, तो हम टेलीफोन अनुवाद सेवा की भी व्यवस्था कर सकते हैं।

खानपान उद्योग के लिए भर्ती केंद्र, रिटेल उद्योग और निर्माण उद्योग की भर्ती के लिए भर्ती केंद्र

पूरे वर्ष भर भर्ती केंद्रों पर नौकरी के मेलों का आयोजन किया जाता है। यदि आप खानपान और रिटेल उद्योग में रोजगार लेने में रुचि रखते हैं, तो नौकरी केन्द्रों, iES की वेबसाइट या iES मोबाइल एप्लिकेशनों पर नवीनतम नौकरी मेले की सूचना की जांच कर सकते हैं, और भर्ती करने वाले नियोक्ताओं के साथ मौके पर ही साक्षात्कार करने के लिए भेंट करने का समय आरक्षित कराने के लिए भर्ती केंद्रों को फोन कर सकते हैं।